मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4 **BHDE-101/EHD–1**

स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी. डी. पी.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2022

(ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी)

बी.एच.डी.ई.-101/ई.एच.डी.-1 : हिन्दी गद्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *कुल* **पाँच** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। पहला प्रश्न अनिवार्य है।*

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3×12=36

(क) शहर में न कोई हलचल थी न मारकाट। एक बूँद भी खून नहीं गिरा था। आज तक किसी स्वाधीन देश के राजा की पराजय इतनी शांति से इस तरह खून बहे बिना न हुई होगी। यह वह अहिंसा न थी जिस पर देवगण प्रसन्न होत हैं। यह वह कायरपन था जिस पर बड़े-बड़े कायर भी आँसू बहाते हैं।

(ख) अपराधी जैसे दंड की प्रतीक्षा करता है, उसी भाँति वह विवाह की प्रतीक्षा करती थी, उस विवाह की जिसमें उसके जीवन की सारी अभिलाषाएँ विलीन हो जाएँगी। जब मंडप के नीचे बने हुए हवनकुंड में उसकी आशाएँ जलकर भस्म हो जाएँगी।

(ग) नहीं, मुझे नींद नहीं आयेगी। यह अँधेरा मुझसे नहीं सहा जाता। सुन्दरी, इतना गाढ़ा अँधेरा पहले भी कभी हुआ है ? तुम मुझे यह अँधेरा दूर क्यों नहीं करने देतीं ? सुन्दरी, सो गयी ? इतनी जल्दी कैसे सो गयी ? ओह ! यह रात कामना के उत्सव की रात थी। अब यह रात इतनी उदास क्यों हो गयी है ?

(घ) कुछ नहीं, मैं केवल यही कहना चाहती हूँ कि पुरुषों ने स्त्रियों को अपनी पशु सम्पत्ति समझकर उन पर अत्याचार करने का अभ्यास बना लिया है, वह मेरे साथ नहीं चल सकता। यदि तुम मेरी रक्षा नहीं कर सकते, अपने कुल की मर्यादा, नारी का गौरव नहीं बचा सकते तो मुझे बेच भी नहीं सकते।

(ङ) रोहड़ी स्टेशन पर उतरते ही 'पल्ला' मछली के तले हुए बड़े-बड़े टुकड़ों ने मेरा ध्यान आकृष्ट किया। जन्मजात मत्स्य-लोलुपता पानी बनकर जीभ पर उतर आई और मैंने अंदर ही अंदर अपने मैथिल पूर्वजों की स्वादवृत्ति को प्रणाम किया। तो क्या प्रणाम ही करके रह गया ? नहीं, स्टेशन से बाहर निकलकर सराय में ठहरा और गुरुनानक होटल में बैठकर इत्मीनान से भगवान के मत्स्यावतार की पूजा की।

2. कथावस्तु की दृष्टि से कहानी और उपन्यास का अन्तर स्पष्ट कीजिए। 16

3. 'वापसी' कहानी का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए। 16

4. 'उसने कहा था' कहानी के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। 16

5. 'निर्मला' उपन्यास में प्रेमचंद ने किन-किन सामाजिक समस्याओं को उठाया है ? सोदाहरण बताइए। 16

6. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की कथावस्तु की विशेषताएँ बताइए। 16

7. पठित पाठों के आधार पर रेखाचित्र और संस्मरण की तुलना कीजिए। 16

8. 'घीसा' के आधार पर 'घीसा' पर लिखी पटकथा की विशेषताएँ बताइए। 16

9. 'कौमुदी महोत्सव' एकांकी नाटक के संरचना-शिल्प पर प्रकाश डालिए। 16

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $2\times8=16$

(क) नुक्कड़ नाटक

(ख) 'शरणदाता' का कथ्य

(ग) 'निर्मला' का परिवेश

(घ) 'ध्रुवस्वामिनी' का प्रतिपाद्य